कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में कराया गया सेनेटाइजेशन

अफवान खाँ

ऑडिशन टाइम्स

शाहजहाँपुर। कोविड-19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के कम में कोविड-19 के बढते संकमण को कम किये जाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमा शर्मा के निर्देश पर विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। जिसके दृष्टिगत जोन-1 के अन्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार द्वारा रेलवे स्टेशन, रोडवेज,सदर बाजार, गदियाना, सुभाषनगर कॉलोनी, बाडुजई पेशावरी, इन्दिरानगर कॉलोनी, कचहरी, कलेक्ट्रेट एवं आवास विकास कॉलोनी में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन - 2 के अन्तगत

सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा बाडुजई प्रथम, घण्टाघर, कटिया टोला, तारीन टिकली,छोटी सब्जी मण्डी, बहादुरगंज एवं घनी बस्तियों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन-3 के अन्तगत-सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल द्वारा आनन्दपुरम कॉलोनी कच्चा कटरा, मोहम्मदजई,सिंजई,तिलहरजई में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन - 04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा मेहमान शाह, बक्सरिया, चारखम्भा, केरुगंज, केरुगंज चौराहा, एस बी आई बैंक,ग्रामीण बैंक, अजीजगंज, पटी गली, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, अब्दुल्लागंज, मेहमान शाह एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन-5 के अन्र्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा रोजा जोन, चर्च कॉलोनी, आदर्शनगर कॉलोनी, सराय काईयां, गढ़ी गाड़ीपुरा एवं रोशनगंज में सेनेटाइजेशन का अमियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 9000 भवनो 500 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे-बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले में क्षेत्रों सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

इसी कम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर में कोविड -19 के संकरमण को कम करने के लिये नगर के विनित्र क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन के कार्य को नियमित रुप से कराया जा रहा है । जिसके अन्तर्गत नगर आयुक्त द्वारा नगर के मो - बाडुजई प्रथम, इन्दिरा नगर कॉलोनी एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा अपनी देखरेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी गौतम द्वारा नगर के कच्चा कटरा, मालखाना मोड़, घण्टाघर रोड हुण्डालखेल एवं अन्य क्षेत्रों में हो रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का जायजा लिया गया व अपनी उपस्थिति में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा महानगर वासियो से अपील की गई कि कोरोना कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करे व एक दूसरे से 02 गज की दूरी बनाये रखे एवं फेस मास्क का उपयोग अवश्य करे।